## पोखर में गन्दा पानी ओवरफ़िलो से खरंजे बने नाले, गली मुहल्ले जलमग्न, जिलाधिकारी से पोखर खुदाई एवं खरंजा निर्माण की गुहार



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह ने प्रभावित ग्रामीणों के साथ किया जिलाधिकारी कार्यालय पर 31मई को प्रदर्शन कर आंदोलन का एलान किया गया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी को बताया कि पोखर के गन्धे पानी ओवरफिलो से रहना व जीना मुश्किल हो रहा है, गांव में संक्रमण से बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है, जिलाधिकारी ने अधीनस्थों अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्या का संज्ञान लेकर तत्काल समाधान के निर्देश दिए। विकास खंड अछनेरा गांव रायभा के नगलालाल दास में पोखर खुदाई एवं खरंजा निर्माण नहीं किया गया तो आंदोलन किया जायेगा। आक्रोश व्यक्त करने वाले ग्रामीणों में कृष्णपाल कुशवाह, डॉक्टर रतन सिंह कुशवाह, ओमप्रकाश कुशवाह, रामसहाय कुशवाह, मुन्नालाल कुशवाह, नीरज सिकरवार आदि मौजूद थे।

## विश्व शांति के लिए तप कर रहे आचार्य पवन गौड

**हाथरस।** गांव नगला ताल स्थित प्राचीन वीलेश्वर महादेव मंदिर में विश्व शांति के लिए आचार्य पवन गौड़ तप करने में लगे हैं। श्रीमद भागवत कथा के दौरान आचार्य पवन गौड़ ने दस जून से सोलह जून तक सात दिन के विशेष तप की शुरुआत की है।चिलचिलाती और शरीर को जलाने वाली प्रचंडतेज धूप में आचार्य प्रतिदिन सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक मौन धारण करते हुए तपस्या कर रहे हैं। तपस्या के दौरान आचार्य के उनके चारों ओर अग्नि प्रज्ज्वलित रहती है। गर्मी के मौसम में जहां लोगों का जीना मुहाल है वहीं आचार्य खुले आसमान के नीचे शरीर को झुलसाने वाली प्रचंड सूर्य किरणों के तेज को सहन करते हुए में तपस्या कर रहे हैं। आचार्य ने बताया कि वह विश्व कल्याण के लिए यह तप कर रहे हैं। वहीं बता दें कि आचार्य के तप दर्शन हेतु भारी संख्या में प्रतिदिनं श्रद्धालु पहुंचकर तप में लीन आचार्य की प्रतिक्षणा करते हैं।



## विश्व रक्तदान दिवस पर पूर्व सांसद व भाजपा जिलाध्यक्ष ने विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया



**हाथरस।** रक्तदानियों ने दिखाया उत्साह भीषण गर्मी भी नहीं रोक पाई रक्त वीरों जज्बे को सलाम एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स के तत्वावधान में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर विशाल रक्तदान शिविर आयोजन कैला माँ ब्लड बैंक में हुआ। शिविर का शुभारंभ जिला अध्यक्ष भाजपा शरद माहेश्वरी व पूर्व सासंद राजेश दिवाकर एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव आर्य ने संयुक्त रूप किया जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने कहा कि रक्तदान दूसरों को जीवनदान देता है और हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है एडीएचआर अपने सामाजिक सरोकार से उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं । पूर्व सांसद राजेश दिवाकर ने कहा कि हम ईश्वर तो नहीं बन सकते लेकिन रक्तदान जैसा ईश्वरीय कार्य तो कर सकते हैं ईश्वर जीवन देता है लेकिन मनुष्य अपने को दान जीवन बचाने का कार्य करता है। पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव आर्य ने कहा कि एडीएचआर जैसी संस्थायें समाज के लिए उदाहरण होती है हमारे सामाजिक तानेबाने को मजबूत करती हैं, राष्टीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय ने कहा कि एडीएचआर अपने सामाजिक सरोकार से समाज में जागरूकता का भाव पैदा कर रहा है जनपद में रक्तदान की जागरूकता के लिए बहुत बडे बडे अभियान चलाये है उसी का नतीजा है कि लोग रक्तदान के लिए लालायित रहते हैं रक्तदानियों ने बहुत उत्साह दिखाया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत

**हाथरस ।** आगरा अलीगढ़ रोड स्थित पराग डेयरी के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई। जिससे मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार हापुड़ निवासी मोहब्बत अली बाइक द्वारा किसी काम से हाथरस आया था। जो काम समाप्त करने के बाद बाइक से अलीगढ की ओर जा रहा था। बताते हैं कि जैसे ही वह पराग डेयरी के निकट पहुंचा वैसे ही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक सहित सडक पर गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल हाथरस भेजा जहां हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने अलीगढ मेडिकल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया। वहीं मृतक की जेब से मिले कागजातों के आधार पर उसकी पहचान बमेला, हापुड़ निवासी मोहब्बत अली के रूप में होने पर घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गये। परिजनों में कररूण क्रंदन मच गया। उधर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। जिसका देर शाम परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। समाचार लिखे जाने तक घटना की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी।

## 15 दिन समस्त जनपद में नशा मुक्ति जनजागृत कार्यक्रम होंगे आयोजित, समाज में व्यापत नशे की बुराईओं के बारे में दी जायेगी जानकारी

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** नशा मुक्त भारत पखवाड़ा (12 जून से 26 जून) जो कि जनपद में जिलाधिकारी महोदय तथा मुख्य विकास अधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में 15 दिन समस्त जनपद में नशा मुक्ति जनजागृत कार्यक्रम किए जाएंगे। यह जानकारी श्री विमल कुमार व श्री उपदेश कुमार, उपक्षेत्रीय मद्यनिषेध अधिकारी द्वारा दी गई। उपक्षेत्रीय मद्यनिषेध अधिकारी (मद्यनिषेध विभाग आगरा) द्वारा कुबेरपूर आगरा में भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए एनजीओ न्यू चिराग के अध्यक्ष श्री आशु, अजय जी के साथ एक नशा विरोधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नशा मुक्ति पोस्टर ,साहित्य को बांटकर प्रचार प्रसार किया गया। समाज में व्यापत नशे की बुराईओं के बारे में अवगत कराया गया।

## रविवार को ग्रामीण नलकूप तथा बसई बसगोई में रहेगी बिजली बंद

**हाथरस।** ग्यारह केवी फीडर बसई नलकूप तथा बसई ग्रामीण पर स्थापित वितरण ट्रांसफार्मर पर एलटी एसएमसी बॉक्स फ्यूज सेट स्थापना कार्य के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। शनिवार को यह जानकारी देते हुए अवर अभियंता तौशीष कुमार ने बताया कि कारण पंद्रह जून दिन रविवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र बसई बसगोई के 11 केवी फीडर बसई नलकूप एवं बसई ग्रामीण पर कार्यदाई संस्था मैसर्स खान इंटरप्राइजेज द्वारा वितरण ट्रांसफार्मर की सुरक्षा हेतु एलटी एसएमसी बॉक्स फ्यूज सेट की स्थापना का कार्य किया जाएगा। उक्त कार्य के संपादन हेतु आवश्यकतानुसार दिनांक दिनांक पंद्रह जून दिन रविवार को सुबह आठ बजे से सायं तीन बजे संबंधित फीडरों बसई ग्रामीण एवं बसई नलकूप से उर्जीकृत ग्राम बसई, बसगोई, बजरिया, नगला मिश्रिया एवं नगला बीरबल की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अवर अभियंता ने कहा है कि इस दौरान चैकिंग हेतु कभी भी बिजली आ जा सकती है इसलिए उपभोक्ता कोई भी विद्युत संबधी कार्र स्वयं न करें।

## गोवर्धन लीला सुन भाव विभोर हो नृत्य करने लगे श्रोता

**हाथरस।** सासनी-के मोहल्ला चामणवाला में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया जा रहा है। इसमें क्षेत्र के भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा व्यास नरेश भारद्वाज ने श्रीमद्भागवत कथा के दौरान गोवर्धन लीला का रोचक वर्णन किया। जिसे सुन श्रोता भाव विभोर हो नृत्य करने लगे। शनिवार को कथा व्यास ने प्रसंग में बताया गया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रज मंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। भगवान कृष्ण ने कहा इंद्र देव का यह कर्तव्य है कि भगवान ने उसे यह सेवा दी है। गिरिराज गोवर्धन भगवान विष्णु स्वरूप है। भगवान कृष्ण ने गिरिराज के लिए यज्ञ करके यह सिद्ध किया। अगर भगवान को प्रसन्न कर लिया जाए तो देवी देवताओं को प्रसन्न करने की आवश्यकता नहीं रह जाती।


उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं० 2025 जून 07 दिनांक 13.06.2025

निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली निविदा" ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | निविदा सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | 2025-जून-02-02 | आगरा सिटी-यमुना ब्रिज, [illegible] खंड में [illegible] (205 नग) [illegible] के [illegible] फिटिंग के साथ स्थापन का कार्य। | ₹ 7354880.58 |
| 2. | 2025-जून-02-03 | आगरा [illegible] स्टेशन पर [illegible] कॉलोनी में सड़कों के साथ आवश्यक सुविधाओं सहित [illegible] क्वार्टरों पर सुधार कार्य। | ₹ 38488889.41 |
| 3. | 2025-जून-02-04 | आगरा कैंट स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या 01 (लाइन नं0 1) पर गिट्टी रहित ट्रैक का प्रावधान। | ₹ 43428028.05 |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 07.07.2025 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती हैं।

1041/25 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


## युवक ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

**हाथरस।** थाना चंदपा क्षेत्र के गांव चितावर में एक युवक द्वारा आज फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने से जहां गांव में सनसनी फैल गई। वहीं परिजनों में भारी कोहराम मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्ट मार्टम हेतु भिजवाया। बताया जाता है थाना चन्दपा क्षेत्र के गांव चितावर निवासी करीब 40 वर्षीय युवक राकेश पुत्र महावीर सिंह पिछले कुछ समय से शराब का अत्यधिक सेवन करने लगा था। इसी कारण उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। उसके कोई संतान भी नहीं थी। उसके पिता महावीर सिंह चौकीदार के रूप में काम करते हैं। घटना रात्रि की बतायी जाती है। बताते हैं राकेश ने अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन किया। इसके बाद घर के कमरे में फांसी लगा ली। सुबह जब उसके पिता घर पहुंचे, तो उन्होंने बेटे को फांसी के फंदे पर लटका देखा।

बताया जाता है पिता द्वारा तत्काल घटना की सूचना थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## वेद भगवान सनातन धर्म सभा ने अहमदाबाद में प्लेन दुर्घटना में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**हाथरस।** वेद भगवान सनातन धर्म सभा की एक बैठक फौजी भवन नवल नगर में सभा के अध्यक्ष डॉ जितेंद्र स्वरूप शर्मा ÷फौजी÷ की अध्यक्षता में हुई बैठक में अहमदाबाद विमान दुर्घटना में उन सभी दिवंगत आत्माओ की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना की गई ,तथा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में ऋषि कुमार कौशिक ,राधा माधव ÷एडवोकेट÷, शैलेंद्र कुमार वशिष्ठ, देव स्वरूप शर्मा, उमाशंकर वशिष्ठ, जयशंकर पाराशर ÷बबलू÷ आचार्य डॉ गणेश वशिष्ठ, शशांक पचोरी ÷एडवोकेट÷ आदित्य स्वरूप शर्मा, मनोज वशिष्ठ ,आदि शामिल थे।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में 5 के खिलाफ रिपोर्ट

**हाथरस।** सिकन्द्राराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव मूढ़ा नौजरपुर में एक व्यक्ति को नामजदों द्वारा आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में मृतका की पत्नी ने कोतवाली में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर एक महिला समेत पांच नामजद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है । कोतवाली में गांव मूढ़ा नौजरपुर निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी इंद्रजीत सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाते हुए कहा है कि दुर्गे पत्नी मुनेश , मुनेश सिंह पुत्र तेजपाल सिंह , राहुल पुत्र मुनेश सिंह निवासीगण घरतौली थाना टप्पल जिला अलीगढ़ एवं विनोद और ओमप्रकाश निवासीगण गांव मूढ़ा नौजरपुर ने उसकी सास की जमीन अपने नाम करा ली । इस बात को लेकर उसके पति ने मां की जमीन वापस करने को आरोपियों से कहा तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी तथा उसे आत्महत्या करने के लिए उकसाने लगे और गत 1 जनवरी को इससे कुपित होकर उसके पति ने घर में नीम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम भी कराया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले में विवेचना शुरू कर दी है ।

## कांग्रेस संगठन सृजन अभियान हाथरस ब्लॉक बैठक संपन्न

**हाथरस।** कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे जिला संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत हाथरस ब्लॉक के कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक ग्राम भगराय में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष विवेक उपाध्याय ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में जिला कोऑर्डिनेटर प्रतिमा सिंह उपस्थित रहीं। बैठक का संचालन जिला महामंत्री कृष्ण कुमार एडवोकेट ने किया। बैठक में कार्यकर्ताओं की राय और जिला कोऑर्डिनेटर की सहमति के उपरांत, श्री विवेक उपाध्याय ने श्री शांतनु सेंगर को ब्लॉक हाथरस कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में घोषित किया। साथ ही उन्हें ब्लॉक कार्यकारिणी के गठन की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। मुख्य अतिथि प्रतिमा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ब्लॉक कमेटियाँ संगठन की नींव होती हैं और यदि नींव मजबूत हो तो संगठन की इमारत भी मजबूत बनती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जमीनी जुड़ाव को प्राथमिकता देते हुए दायित्व सौंपे जा रहे हैं। आगामी समय में कार्यों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अभी से पंचायत चुनावों की तैयारी शुरू करने का आह्वान किया।

## विकसित भारत संकल्प सभा भाजपा कार्यालय पर आज

**हाथरस।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विकसित भारत का अमृत काल ,सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष पर आज 15 जून को सुबह 11 बजे भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय गौशाला रोड पर नगर भारतीय जनता पार्टी की एक विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित होगी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी एवं मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री संजय सक्सेना भाग लेंगे। भारतीय जनता पार्टी के शहर अध्यक्ष मूलचंद वार्ष्णेय ने जानकारी देते हुए पार्टी के सभी बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक ,शक्ति केंद्र प्रभारी ,सभी नगर के सभासद ,सभी नगर पदाधिकारी ,सभी मोर्चा प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं उनके पदाधिकारी एवं भारतीय जनता पार्टी के नगर में रहने वाले सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को गति प्रदान करें।

## कर्ज से परेशान किसान ने की आत्महत्या:कोहराम

**हाथरस।** कोतवाली सिकन्द्राराऊ क्षेत्र के गांव पोरा में एक किसान ने कर्ज से परेशान होकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली । किसान का शव खेत में जामुन के पेड़ पर लटका मिला । जिससे परिजनो में कोहराम मच गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई । पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। बताया जाता है कोतवाली क्षेत्र के गांव पोरा निवासी 45 वर्षीय सत्यवीर सिंह कर्ज की अधिक रकम के कारण परेशान रहते थे। शुक्रवार की सुबह वह अपने खेत में मक्का की रखवाली करने को गए थे। शाम तक जब घर नही लौटे तो परिजनों को चिंता हुई । परिजन उन्हे तलाश करते हुए खेत पर पहुंचे । जहां उनका शव जामुन के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला । जिससे क्षेत्र में सनसनी मच गई, मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई । किसान की मौत से परिजनो में हाहाकार मच गया । मामले की सूचना पुलिस को दी गई । पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया।पोस्टमार्टम के बाद जब मृतक का शव गांव में पहुंचा तो गांव में शोक की लहर दौड़ गई । परिजनों ने गमगीन माहौल में मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## शराब पीकर हंगामा कर रहे नामजदों ने दो भाइयों को पीटा

**हाथरस।** कोतवाली सिकंदराराऊ क्षेत्र के गांव नीजरा गोकुलपुर में नामजदो ने दो भाइयों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में एक महिला समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है।गांव नीजरा गोकुलपुर निवासी अनुपम पुत्र हरीशचंद्र ने दी तहरीर में उल्लेख किया है कि शुक्रवार की रात्रि 10 बजे करीब गांव के ही नामजद शराब पीकर उसके घर के बाहर हंगामा कर रहे थे । जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली गलौज कर उसके ऊपर लाठी डंडों से प्रहार कर दिया । जिससे वह लहूलुहान हो गया । शोर गुल सुनकर बीच बचाव में आए उसके भाई अनिल के साथ भी नामजदों ने मारपीट कर दी । जिससे वह भी घायल हो गया । तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है।

## शासन की योजनाओं से सशक्त बनी जशपुर की उद्यमी महिला लालमती

**रायपुर 14 जून 2025/** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण की योजनाएं अब धरातल पर सकारात्मक परिणाम देने लगी हैं। इसकी एक प्रेरणादायी मिसाल हैं जशपुर जिले के गम्हरिया ग्राम की श्रीमती लालमती, जिन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभ लेकर आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की है। उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प और मेहनत से न सिर्फ स्वयं की पहचान बनाई, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया है। श्रीमती लालमती का जीवन एक साधारण मजदूर से सफल उद्यमी बनने की कहानी है। जब वे प्रजापति गौरी स्व-सहायता समूह से जुड़ीं, तब उन्हें बिहान योजना के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ मिला। उन्होंने उद्योग विभाग से लोन प्राप्त कर शटरिंग प्लेट का व्यवसाय प्रारंभ किया और बाद में जनवरी 2025 में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण लेकर अपने व्यवसाय को विस्तार दिया। आज श्रीमती लालमती के पास 200 से अधिक शटरिंग प्लेट हैं, जो वे निजी भवनों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों की छत ढलाई हेतु किराये पर उपलब्ध कराती हैं। फरवरी 2025 से अब तक इस व्यवसाय से उन्हें लगभग 35,000 से 40,000 रुपये की आय हुई है। यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांव में कई मकानों का निर्माण कार्य चल रहा है। श्रीमती लालमती ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि, यदि शासन की योजनाओं का साथ न होता, तो मैं आज इस मुकाम तक नहीं पहुंच पाती। शासन ने हमें हौसला दिया, साधन उपलब्ध कराए और नई राह दिखाई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार का यह दृढ़ संकल्प है कि ग्रामीण अंचलों की महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और आर्थिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाएं। बिहान, मुद्रा योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से हम महिलाओं को न केवल वित्तीय सहयोग दे रहे हैं, बल्कि उन्हें प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और बाज़ार तक पहुँच भी प्रदान कर रहे हैं। श्रीमती लालमती जैसी महिलाएं छत्तीसगढ़ की नई सामाजिक-आर्थिक चेतना की प्रतीक हैं।छत्तीसगढ़ शासन की प्राथमिकता है कि हर महिला अपने पैरों पर खड़ी हो, सम्मान के साथ जीवन जिए और दूसरों के लिए प्रेरणा बने।



## 15 दिन समस्त जनपद में नशा मुक्ति जनजागृत कार्यक्रम होंगे आयोजित, समाज में व्यापत नशे की बुराईओं के बारे में दी जायेगी जानकारी।


**आगरा।** नशा मुक्त भारत पखवाड़ा (12 जून से 26 जून) जो कि जनपद में जिलाधिकारी महोदय तथा मुख्य विकास अधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में 15 दिन समस्त जनपद में नशा मुक्ति जनजागृत कार्यक्रम किए जाएंगे। यह जानकारी श्री विमल कुमार व श्री उपदेश कुमार, उपक्षेत्रीय मद्यनिषेध अधिकारी द्वारा दी गई। उपक्षेत्रीय मद्यनिषेध अधिकारी (मद्यनिषेध विभाग आगरा) द्वारा कुबेरपूर आगरा में भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए एनजीओ न्यू चिराग के अध्यक्ष श्री आशु, अजय जी के साथ एक नशा विरोधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नशा मुक्ति पोस्टर ,साहित्य को बांटकर प्रचार प्रसार किया गया। समाज में व्यापत नशे की बुराईओं के बारे में अवगत कराया गया।



पूर्वोत्तर रेलवे

ई टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 28/2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। क्र.सं.:- 1. कार्य का विवरण:- इज्जतनगर डिवीजन में [illegible] के प्रावधान के स्वीकृत कार्य के अंतर्गत मण्डल इंजी०/मुख्या०/ इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र में बरेली सिटी-15 [illegible] स्टेशनों पर [illegible] का प्रावधान।, अनुमानित लागत रूपयों में:- रु. [illegible], बयाना राशि रूपयों में:- रु. 1,53,800/-, [illegible] 10 माह, 1. ई- निविदा दिनांक 10.07.2025 को 15.00 बजे तक [illegible]। 2. ई- निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


## अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ कार्यकम का हुआ आयोजन, बाल श्रम निषेध के बारे में दी गई जानकारी।

### बच्चों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें ना कि उनसे बाल श्रम करवाएं-श्रम प्रवर्तन अधिकारी

**आगरा।** अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस, 12 जून 2025 के अवसर पर आज व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ एक कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री सुनील कुमार सिन्हा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, आगरा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों का अभिवादन किया गया तथा उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के बारे मे जानकारी दी गयी। श्री विजय शंकर तिवारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, आगरा द्वारा व्यापारियों एवं अन्य उपस्थित प्रतिभागियों से बाल श्रमिक न रखने के लिए अनुरोध किया गया एवं साथ ही गरीब बच्चों को लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। श्री तिवारी ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों से कहा कि वे बच्चों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें ना कि उनसे बाल श्रम करवाएं। श्री हरेश अग्रवाल, अध्यक्ष फेडरेशन ऑफ उद्योग व्यापार एसोसिएशन एवं श्री रविन्द्र अग्रवाल जी द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया गया कि व्यापारीगण द्वारा बाल श्रमिक को अपने प्रतिष्ठानों पर नहीं रखा जाएगा तथा ऐसे बच्चों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। श्री विजय शंकर तिवारी द्वारा प्रदेश में चल रही बाल श्रमिक विद्या योजना के बारे में बताया गया साथ ही व्यापारियों से यह अनुरोध किया कि आप इस योजना के पात्र बच्चों को इसका लाभ दिलाने हेतु प्रेरित करें। श्री सिन्हा द्वारा कार्यकम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों से अनुरोध किया गया कि बाल श्रम जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए सभी संगठन एक साथ मिलकर व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं तथा इसे रोकने हेतु हर सम्भव प्रयास करें। अन्त में श्री सिन्हा द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए कार्यकम का समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्रम विभाग के श्री बंक बहादुर, श्री छत्रसाल बरनवाल, श्री अनिल कुमार दिवाकर, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, आगरा, विजयेन्द्र कुमार विश्वकर्मा एवं व्यापारीगण मोहित अरोरा, अजय बंसल, मंजीत सिंह, लक्ष्मी नारायण आदि उपस्थित रहें।

# उ0प्र0 राज्य महिला आयोग अध्यक्षा डा. बबीता चौहान ने किया जिला स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण, मरीजों और तीमारदारों से की मुलाकात

**निरीक्षण में बंद लिफ्ट, शौचालय के टूटे गेट,अपर्याप्त कूलर, पेयजल की नहीं मिली उचित व्यवस्था,अस्पताल अधीक्षिका को लगाई फटकार**

**भयंकर गर्मी के दृष्टिगत मा.अध्यक्ष महोदया ने स्वयं के द्वारा महिला मरीजों व तीमारदारों को तत्काल राहत देते हुए, मौके पर ही 04 कूलर की कराई व्यवस्था**

**निरीक्षण में पीडब्ल्यूडी,नगर निगम आदि विभागों के अधिकारियों से फ़ोन से वार्ता कर तत्काल व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश**



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की मा0 अध्यक्ष डा0 बबीता सिंह चौहान जी ने जिला महिला अस्पताल (लेडी लॉयल) का निरीक्षण किया। सर्व प्रथम मा.राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान जी लिफ्ट के गेट पर पहुंची जो संचालित नहीं मिली, जानकारी करने पर तीमारदारों ने बताया गया कि लिफ्ट बहुत दिनों से खराब है तीसरी मंजिल पर प्रसूताओं को मेटरनिटी विंग तक सीढ़ियों के माध्यम से चढ़ना पड़ता है, मा.अध्यक्ष महोदया ने मेटरनिटी विंग का निरीक्षण किया, महिला मरीजों व तीमारदारों से बात की व व्यवस्थाएं देखीं, मौके पर पाया कि प्रसूता कक्ष में 02 कूलर लगाए गए हैं जिसमें 01 कूलर की पानी की मोटर खराब मिली, साफ सफाई भी संतोषजनक नहीं थी, भयंकर गर्मी के दृष्टिगत पर्याप्त कूलर व अन्य इंतजाम न मिलने पर अस्पताल अधीक्षिका को कड़ी फटकार लगाई, मा. अध्यक्ष महोदया ने पेयजल हेतु आरओ वाटर कक्ष का निरीक्षण किया जिसमें पाइप लाइन की सुचारू व्यवस्था नहीं थी जानकारी करने पर बताया गया कि बंदरों द्वारा पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दी गई है, मा.अध्यक्ष महोदया ने इस बाबत बंदरों को पकड़ने हेतु नगर निगम से संपर्क करने व समस्या समाधान हेतु पूछने पर अस्पताल अधीक्षका कोई जवाब नहीं दे सकीं, मा. अध्यक्ष महोदया ने मौके पर ही नगर निगम के अधिकारियों को फोन कर बंदरों की समस्या का निस्तारण के निर्देश दिए तथा अस्पताल अधीक्षिका को आरओ वाटर की सुचारू आपूर्ति को निर्देशित किया। मा. अध्यक्ष महोदया ने बंद लिफ्ट के बारे में जानकारी करने पर बताया कि लिफ्ट में पानी भर जाता है, मौके पर ही अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को फोन कर तत्काल लिफ्ट की मरम्मत कराने के मा.अध्यक्ष महोदया द्वारा निर्देशित किया गया। मा.अध्यक्ष महोदया द्वारा महिला शौचालय, अल्ट्रासाउंड कक्ष,ओपीडी, दवा काउंटर, आदि का निरीक्षण किया, महिला शौचालय के दरवाजे टूटे हुए मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। अल्ट्रासाउंड कक्ष निरीक्षण में तीमारदारों ने, बाहर से अल्ट्रासाउंड कराने, मशीन खराब रहने, समय से अल्ट्रासाउंड कक्ष न खुलने की बात कही, ओपीडी निरीक्षण में कई मरीज फर्श पर बैठे पाए गए, मरीजों से बात करने पर बताया गया कि 200 रुपए पट्टी करने, तथा प्रसव उपरांत शगुन के पैसे की मांग की जाती है, मा. अध्यक्ष महोदया ने अस्पताल अधीक्षिका से इस बाबत स्पष्टीकरण तलब किया जिसमें बताया गया कि अस्पताल में 300 से 400 प्रतिमाह डिलीवरी होती है जिसमें लगभग 150 सिजेरियन डिलीवरी की जाती हैं किसी से कोई पैसा नहीं लिया जाता पूर्व में शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित स्टाफ को बदल दिया गया है। मा. अध्यक्ष महोदया ने अस्पताल अधीक्षिका को मेटरनिटी विंग में एसी लगाए जाने हेतु प्रस्ताव भेजने तथा मा.अध्यक्ष महोदया द्वारा महिला मरीजों को भयंकर गर्मी के दृष्टिगत तत्काल राहत हेतु स्वयं के द्वारा मौके पर ही 04 बड़े कूलर प्रदान किए तथा अस्पताल अधीक्षिका को मानकानुरूप समस्त समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा पुनः निरीक्षण करने की बात कही। निरीक्षण में जिला महिला अस्पताल अधीक्षिका डॉ. रचना गुप्ता सहित अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।

# ताजमहल में हीटवेव से पीड़ित पर्यटकों को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने की मॉकड्रिल

**गश खाकर गिरे पर्यटक को ताजमहल स्थित पीएचसी में स्ट्रेचर पर लाया गया, उच्च उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा, जल्द टेलीमेडिसिन सेवा भी ताजमहल पीएचसी में होगी शुरू- सीएमओ**





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** ताजमहल परिसर में शनिवार को हीट वेव मॉकड्रिल व जागरुकता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित हुई मॉकड्रिल में हीट वेव से पीड़ित डमी पर्यटक को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के स्टाफ और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों द्वारा स्ट्रेचर पर ताजमहल परिसर स्थित स्वास्थ्य विभाग के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया, जहां पर उसे चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद पर्यटक को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेज दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि ताजमहल परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष 2023 से डिस्पेंसरी संचालित की जा रही है। इसमें ताजमहल घूमने आने वाले पर्यटकों की तबियत बिगड़ने पर प्राथमिक उपचार दिया जाता है। अब इस डिस्पेंसरी को अपग्रेड करके प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बना दिया गया है। जल्द ही यहां पर टेलीमेडिसिन सेवाएं भी शुरू की जाएंगी। सीएमओ ने कहा कि आगरा में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है और हीट वेव चलने लगी हैं। ऐसे में पर्यटकों, सीआईएसएफ के जवानों, एएसआई स्टाफ, टूरिस्ट गाइड व ताजमहल में तैनात फोटोग्राफरों को जागरुक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा हीट वेव मॉकड्रिल व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिससे स्वास्थ्य विभाग द्वारा पर्यटकों को दी जा रही सुविधा के बारे में सभी तक जागरुकता फैले और अधिकतम पर्यटकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सके। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति ने बताया कि ताजमहल पीएचसी में मरीजों के प्राथमिक उपचार के लिए एमबीबीएस डॉक्टर, फार्मासिस्ट और दो प्रशिक्षित स्टाफ हमेशा तैनात रहते हैं। यहां पर मरीजों के लिए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, ऑक्सीजन सिलिंडर, पल्स मॉनिटर, ईसीजी मशीन व प्राथमिक उपचार हेतु दवाएं मौजूद हैं। यदि मरीज को उच्च उपचार की आवश्यकता होती है तो मरीज को तुरंत एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल या एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जाता है। मॉकड्रिल में भी इसी प्रक्रिया को दोहराया गया। मॉकड्रिल के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के डीपीएम कुलदीप भारद्वाज, ताजमहल पीएचसी नोडल अनिल सत्संगी, सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट राकेश शुक्ला, एएसआई के सरंक्षण सहायक सतीश कुमार, रवि कुमार मिश्रा, तनुज दत्त शर्मा, श्यामनाथ, दिलीप, नागेंद्र सिंह व अन्य स्टाफ का सहयोग रहा।

**हीट वेव की चपेट में आने के लक्षण–**

- शरीर का तापमान बढ़ना एवं पसीना आना
- सिरदर्द होना या सिर का भारीपन महसूस होना
- त्वचा का सूखा एवं लाल होना
- उल्टी, दस्त होना
- बेहोश हो जाना
- मांसपेशियों में ऐंठन होना

**हीट वेव से पीड़ित होने पर प्राथमिक उपचार–**

- व्यक्ति को ठंडे एवं छायादार स्थान पर ले जाएं
- नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाएं
- व्यक्ति को पैर ऊपर रखकर सुला दें
- मरीज यदि बेहोश न हो तो ठंडा पानी पिलाएं
- जितना हो सके कपड़े शरीर से निकाल दें
- पंखे से शरीर पर हवा डालें
- शरीर के ऊपर पानी से स्प्रे करें

**धूप में जाने से पहले ये करें–**

- शरीर को पूरी तरह ढकने वाले सूती कपड़े पहनें
- सिर को टोपी, गमछा, छाता इत्यादि से ढकें
- पानी की बोतल साथ रखें
- लगातार धूप में न रहें।
- बीच-बीच में छांव में बैठ जाएं।

# सिंधी सेवा संगम ने किया कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन

**आर्टिमिस हॉस्पीटल गुरुग्राम की कैंसर विशेषज्ञ ने किया लोगों को जागरूक**

**सिंधु सेवा संगम के तत्वावधान में लगाया गया कैंप, सिंधी समाज के गणमान्य लोग रहे मौजूद**



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** सिंधु सेवा संगम के सहयोग से ऑटिर्मिस हॉस्पीटल गुरूग्राम की कैंसर विशेषज्ञ डॉ वर्तिका विश्वानी द्वारा विश्वानी हॉस्पीटल कमला नगर में एक जागरूकता एवं निदान कैम्प का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 40 मरीजों ने कैंप में पहुंच स्वास्थ्य लाभ लिया। इस दौरान डा. वर्तिका विश्वानी ने उपचार के साथ कैंसर से बचाव के उपायों के बारे में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि तम्बाकू के सेवन, धूम्रपान या फिर तंबाकू मंजन से मुख, गले, फेफड़े और खाने की नली में कैंसर हो सकता है। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर से वैक्सीन द्वारा बचाव किया जा सकता है और ब्रेस्ट कैंसर में स्वपरीक्षण द्वारा कैंसर की प्राथमिक अवस्था में उपचार कर जीवन को बचाया जा सकता है। कैंप में डायबिटीज, कॉलेस्ट्राल, लिवर व किडनी की जांचे निःशुल्क की गई। कैंप आयोजन के दौरान डॉ वर्तिका विशवानी, डॉ पदमा विशवानी, डॉ कैलाश विशवानी, सूर्य प्रकाश, मेघराज दियालानी, किशोर बुधरानी, अमृत माखीजा, सुशील नोतनानी, सुंदर हरजानी, विकास जेठवानी, राजू खेमानी, रोहित आयलानी, इंद्र तुलसानी, कपिल पंजवानी, कुनाल जेठवानी, ईश्वर सेवकानी, हरेश पंजवानी, चंद्र खुबनानी, अशोक चावला, कन्हैया वास्वानी, भजन लाल माखीजा, मनोज थरानी, मोहन गोस्वामी, खेम चंद तेजानी, संजय लालवानी, नरेश निरंकारी, रमेश खोरेजा आदि की उपस्थिति रही।

# गर्भवती बहू से मारपीट, हालत बिगड़ीः तीन आरोपी नामजद, मुकदमा दर्ज

**गर्भवती बहू की हालत बिगड़ने पर कराया गया अस्पताल में भर्ती**

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र के अंतर्गत गांव नानपुर में घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है, जिसमें एक गर्भवती महिला की हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। पुलिस ने इस मामले में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गांव नानपुर निवासी नवल किशोर पुत्र लाल सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर के आधार पर बताया कि गुरुवार रात करीब 8ः30 बजे गांव के ही दबंग गोपाल पुत्र रामप्रसाद, शिवम पुत्र गोपाल और शिवा पुत्र गोपाल (सभी नानपुर निवासी) जबरन उनके घर में घुसते ही उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और नवल किशोर के साथ मारपीट करने लगे। जब नवल किशोर ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन्हें जमीन पर गिराकर पीटना शुरू कर दिया। नवल किशोर के अनुसार, उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर उनके पुत्र सूरज, पुत्रवधू शिखा और बेटी मौके पर पहुंचे। लेकिन आरोपियों ने उन सभी के साथ भी बेरहमी से मारपीट की।

**गर्भवती बहू की हालत बिगड़ी**

नवल किशोर ने बताया कि उन्होंने हाल ही में एक ऑपरेशन करवाया है और उनकी बहू गर्भवती है। मारपीट के कारण उनकी गर्भवती बहू शिखा की हालत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराना पड़ा।



**पुलिस कार्रवाई**

पीड़ित नवल किशोर ने किरावली थाने में तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है और न्याय की मांग की है।वहीं थाना प्रभारी किरावली केवल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर तीन आरोपियों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# चलती स्कूटी में लगी आगः आग देखते ही लोग वाहन छोड़कर भागे, फायर बिग्रेड ने पानी डालकर बुझाई

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** शनिवार को एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग लग गई। बीच सड़क पर स्कूटी में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। स्कूटी सवार ने कूद कर जान बचाई। बीच सड़क पर धू धू कर जलती स्कूटी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। तेज धूप और गर्मी के बीच इस घटना ने लोगों को चौंका दिया।

**आग की लपटों में घिरी स्कूटी**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्कूटी से अचानक धुआं निकलने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने जब चेताया, तो चालक फौरन स्कूटी से कूदकर अलग हो गया। कुछ ही पलों में स्कूटी आग की लपटों में घिर गई और जलकर पूरी तरह राख हो गई।

**कुछ देर के लिए ट्रैफिक रूक गया**

हाईवे पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक थम गया। राहगीर डर के मारे किनारे हट गए और कुछ समय बाद साइड से निकलने लगे। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों का मानना है कि भीषण गर्मी और इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी में संभावित गड़बड़ी इस हादसे की वजह हो सकती है।

# मगरमच्छ निवाला नहीं बना पाया, चार घंटे की खोज के बाद चंबल से शिरोमणि का शव ही बाहर आया



सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** खेड़ा राठौर थाना क्षेत्र के भगवानपुरा गांव में शनिवार को दिल दहला देने वाली घटना घटी। पशुओं को पानी पिलाने चंबल नदी गई जिस 60 वर्षीय महिला शिरोमणि को मगरमच्छ पानी में खींच ले गया था, उसका शव बरामद कर लिया गया है। गोताखोरों ने चार घंटे के अथक प्रयासों के बाद शिरोमणि को तो तलाश लिया, लेकिन तब तक उसके प्राण पखेरू उड़ चुके थे। हालांकि मगरमच्छ इस महिला को अपना निवाला नहीं बना पाया। शिरोमणि सुबह 9 बजे पशुओं को पानी पिलाते समय जब नदी के पास खड़ी थी, तभी मगरमच्छ ने झपट्टा मारा और उसे खींचकर चंबल की गहराइयों में ले गया। देखते ही देखते शिरोमणि आंखों से ओझल हो गई।

**चीख पुकार मची तो दौड़े ग्रामीण**

साथ में मौजूद अन्य महिला चरवाहों की चीख-पुकार सुनकर गांव से ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और नदी में उतरकर सर्च शुरू कर दी। गांव के प्रधान बच्छराज सिंह ने पुलिस और वन विभाग को घटना की जानकारी दी। तुरंत ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया।

**चार घंटे की मशक्कत के बाद नदी से निकाला गया शव**

वन विभाग और पुलिस की निगरानी में गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से चंबल नदी में जाल डालकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। करीब चार घंटे बाद, चंबल की गहराई से महिला का शव बाहर निकाला गया। मगरमच्छ के हमले से महिला के शरीर पर गहरे घाव मिले हैं। शव को देखकर वहां मौजूद हर आंख नम हो गई। माना जा रहा है कि तमाम गोताखोरों के नदी में उतरने की वजह से ही मगरमच्छ शिरोमणि को निवाला नहीं बना पाया। हालांकि उसके शरीर के घाव बता रहे हैं कि मगरमच्छ ने उस पर घातक प्रहार किया।

**गांव में पसरा मातम, परिजन बेसुध**

शिरोमणि की मौत से गांव में शोक की लहर फैल गई है। परिजन बेसुध हैं और बार-बार यही कह रहे हैं कि वो तो सिर्फ जानवरों को पानी पिलाने गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और वन विभाग ने मगरमच्छों की गतिविधियों की निगरानी बढ़ा दी है।

# कोरोना के दो नए केस मिलेः दोनों को घर में किया गया आइसोलेट, कोविड पॉजिटिव में 3 साल का बच्चा भी शामिल

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** कोरोना के दो नए केस मिले हैं। इनमें एक 68 साल का व्यक्ति और दूसरा तीन साल का बच्चा भी शामिल है। दोनों को घर पर ही आइसोलेट किया गया है। उनकी हालत चिंताजनक नहीं है। सीएमओ डाक्टर अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि जयपुर हाउस निवासी 3 साल के बच्चे में खांसी, खराश और बुखार आने पर परिजनों ने जांच कराई, जिसमें कोरोना की पुष्टि हुई है। परिजन की भी जांच कराई गई है। सभी को घर पर ही रहने को कहा गया है। दूसरा मरीज बाह निवासी 68 साल का व्यक्ति हैं। उन्हें किडनी की भी बीमारी है। वह नोएडा में इलाज के लिए गए थे, वहां पर जांच में कोरोना पाजीटिव पाए गए। अब तक आगरा में 8 मरीज मिले हैं, जिनमें से छह मरीज ठीक हो चुके हैं। बता दें कि एक कोरोना संक्रमित की आगरा में मौत भी हो चुकी है।

**सीएमओ बोले कोरोना से निपटने के लिए तैयार हैं**

सीएमओ डॉ. अरूण कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि आगरा में स्थिति गंभीर नहीं है। हम पूरी तरह से तैयार हैं। एसएन मेडिकल कालेज में जांच की सुविधा है। अस्पतालों को निर्देश दे दिए गए हैं। प्राइवेट अस्पतालों से भी डाटा मांगा जाता है।

# ईंट भट्ठा मजदूर का शव पेड़ पर लटका मिला, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना बसई अरेला क्षेत्र के सूखताल गांव के पास स्थित एक ईंट भट्ठे पर शनिवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक मजदूर का शव भट्टे के पास पेड़ पर फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान मुन्नालाल के रूप में हुई है, जो इसी भट्ठे पर ईंट निकासी का कार्य करता था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए। हालांकि मामले ने तब नया मोड़ ले लिया जब मृतक के परिजनों ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार कर दिया और भट्ठा संचालक पर हत्या का आरोप लगाया। मृतक के साले रामदत्त का कहना है कि मुन्नालाल जिस नीम के पेड़ पर फांसी पर लटका मिला, उस पर वह चढ़ ही नहीं सकते। ऐसे में यह आत्महत्या नहीं, सुनियोजित हत्या है। परिवारवालों का आरोप है कि भट्ठा संचालक से उनका विवाद चल रहा था और संभवतः उसी रंजिश में हत्या की गई है। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

# एसएसटी में वारंण्टी को किया गिरफ्तार

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** थाना डौकी पुलिस टीम द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को थाना डौकी पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत वारण्टी/वाछिंत अभियुक्तों की चैकिंग/तलाश की जा रही थी। चैकिग के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एसएसटी संख्या 151/07 धारा 393 भादवि थाना छत्ता कमिश्नरेट आगरा से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त विजय शंकर निवासी विसारना अपने घर पर मौजूद हैं। पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुये वारण्टी अभियुक्त विजय शंकर पुत्र विनेश निवासी ग्राम विसारना थाना डौकी को मस्कन से गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी डौकी योगेश कुमार उप निरीक्षक अभिषेक सिंह तोमर उप निरीक्षक धनेश कुमार महिला उपनिरीक्षक स्वेता रानी कास्टेबल संगम चौधरी महिला कास्टेबल रेखा शामिल रही।

# वीरांगना लक्ष्मीबाई बलिदान मेला का संतों के सानिध्य में हुआ भूमि पूजन

## रानी लक्ष्मीबाई की समाधि देशभक्तों का तीर्थ - श्री पवैया



**ग्वालियर।** वीरांगना बलिदान मेला के 26वे आयोजन के लिए शनिवार को प्रमुख धर्माचार्यों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया। संतजनों के सानिध्य में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीयुत श्रीधर पराड़कर द्वारा पं. बृजेश पांडे के अचार्यत्व में भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मेला के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया ने कहा कि ग्वालियर तानसेन के कारण संगीत की धरा है, वैसे ही ग्वालियर में स्थित वीरांगना लक्ष्मीबाई की समाधि देशभक्ति का तीर्थ स्थल है। रानी लक्ष्मीबाई की समाधि के सामने 17 व 18 जून को होने वाले वीरांगना बलिदान मेला के लिए शनिवार की सांध्यबेला में ग्वालियर स्थित सन् 1858 के क्रांति मैदान पर संत प्रवर दंदरौआ सरकार महामण्डलेश्वर स्वामी रामदास महाराज जी, ढोली बुआजी महाराज जी, स्वामी ऋषभानंद जी, रमेश लाल जी दादा, रामभजन दास जी, पागल बाबा जी, नारायणदास जी व राघवेन्द्रदास महाराज जी सहित अन्य संतजनों के सानिध्य में भव्यता के साथ भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। बलिदान मेला के संस्थापक अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया ने भूमिपूजन कार्यक्रम में कहा कि सन् 2000 से 26वें वर्ष में प्रवेश करने वाले अखंड आयोजन ने नयी पीढ़ी में राष्ट्र के लिये जीने के बीज बोये हैं। उन्होंने कहा कि हमें आजादी शहीदों के बलिदान से मिली है। यह अमूल्य बलिदान भूल गये तो हम पतन के गर्त में चले जाएँगे। ग्वालियर और चंबल ने क्रांतिवीरों से प्रेरणा लेकर लेकर सर्वाधिक सैनिक सरहदों पर दिये हैं। इस मौके पर श्रीधर पराड़कर ने कहा कि ग्वालियर का यह बलिदान मेला पूरे देश में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है, रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान से समूचे भारत की नारी शक्ति को साहस और शौर्य की प्रेरणा मिलती है। दंदरौआ सरकार महांत रामदास महाराज ने कहा कि देश और धर्म की रक्षा शस्त्रों और वीरता से हुयी है, ऐसे आयोजन समाज में राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव पैदा करते हैं। भूमि पूजन के अवसर पर पूर्व सांसद श्री विवेक शेजवलकर, नगर निगम सभापति श्री मनोज तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष शहर श्री जयप्रकाश राजौरिया व ग्रामीण श्री प्रेम सिंह राजपूत तथा सर्वश्री मुन्नालाल गोयल, अभय चौधरी, कमल माखीजानी, देवेश शर्मा, अशोक शर्मा, राजेश सोलंकी, बृजेन्द्र प्रताप सिंह जादौन, राजेश दुबे, पप्पू वर्मा, जीवाजी क्लब के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सेठ, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सचिव श्री दीपक अग्रवाल, डॉ. हरिमोहन पुरोहित, कनवर मंगलानी, विनय जैन, विनोद शर्मा, राकेश खुरासिया, मधुसूदन भदौरिया, प्रयाग तोमर, श्रीमती नीलिमा शिंदे तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# गोल पहाड़िया से जीवाजी गंज तक तक चलाया स्वच्छता अभियान



**ग्वालियर।** नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत ग्वालियर में वायु सुधार हेतु जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत गोल पहाड़िया से जीवाजी गंज तक तक अभियान चलाकर सडकों की साफ सफाई कराई गई तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार आज मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत नगर पालिक निगम ग्वालियर की सहयोगी संस्था म्यूज फाउंडेशन एवं संस्था डिवाईन द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत गोल पहाड़िया से जीवाजी गंज तक स्वच्छता का कार्य किया गया एवं दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर स्वच्छता के पम्पलेट्स भी लगाए गए और समझाइश दी गई। इसके साथ ही सडक पर डिवाइडर्स और फुटपाथ के आस पास की मिट्टी और कचरा साफ करवाया गया तथा दुकानदारों को रोड पर साफ सफाई रखने, 'डस्टबिन का उपयोग करने कचरा ना जलाने की सलाह दी एवं वायु प्रदूषण के रोकथाम के उपायों के बारे में समझाया गया। कचरा डस्टबिन में ही डालने हेतु जुर्माना सम्बन्धी बोर्ड और स्टीकर लगाए गए और स्वच्छता का संकल्प दिलवाया गया।

# जय विलास पैलेस में 'सिंधिया रिसर्च सेंटर' और 'सेंटर फॉर लेंड वारफेयर स्टडीज' का विशेष संयुक्त सत्र

### मराठा लाइट इन्फेंट्री और भारतीय सेना' विषय पर सेवानिवृत्त ले. जनरल दुष्यंत सिंह का ओजस्वी संबोधन




**ग्वालियर।** 'सिंधिया रिसर्च सेंटर' तथा रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत 'सेंटर फॉर लेंड वारफेयर स्टडीज' (CLAWS) के संयुक्त तत्वावधान में, जय विलास पैलेस में ÷मराठा लाइट इन्फेंट्री और भारतीय सेना÷ विषय पर आज शनिवार को एक विशेष संयुक्त सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्वालियर शहर के कई महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और इतिहास को निकट से समझने का अवसर प्राप्त किया।

**सेना में विविध दायित्व निभा चुके हैं ले. जनरल दुष्यंत सिंह**

उक्त कार्यक्रम को मुख्य वक्ता लेफ्टिनेंट जनरल दुष्यंत सिंह (सेवानिवृत्त) PVSM, AVSM, जो वर्तमान में छ्रुब्धुस के महानिदेशक भी हैं, ने संबोधित किया। जनरल सिंह 9 मराठा लाइट इन्फेंट्री के वरिष्ठ अफसर रहे हैं और उन्होंने जम्मू-कश्मीर में बटालियन, ब्रिगेड और डिवीजन स्तर पर सफलतापूर्वक कमान संभाली है। वे दो बार राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (हस्त) में उप महानिरीक्षक (ऑपरेशंस) और महानिरीक्षक (ऑपरेशंस) के रूप में सेवा दे चुके हैं।

**सिंधिया मराठों के पराक्रम पर गर्व और 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना**

अपने संबोधन में लेफ्टिनेंट जनरल दुष्यंत सिंह ने मराठा लाइट इन्फेंट्री की गौरवशाली परंपरा, उसके गठन, युद्धों में योगदान तथा सिंधिया मराठों के पराक्रम पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के सफल संचालन में भारतीय सेना की रणनीति और समर्पण की भी सराहना की। गौरतलब रहे कि लेफ्टिनेंट जनरल दुष्यंत सिंह ने पूर्व में भारतीय सेना में कोर कमांडर, आर्मी वॉर कॉलेज का नेतृत्व, पूर्वी कमान के चीफ ऑफ स्टाफ जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए राष्ट्र की सेवा की है। उनके समर्पण और योगदान के लिए उन्हें 'परम विशिष्ट सेवा पदक (PVSM)' और 'अति विशिष्ट सेवा पदक (AVSM)' जैसे प्रतिष्ठित सैन्य अलंकरणों से सम्मानित किया गया है।

**सिंधिया रिसर्च सेंटर द्वारा विरासत के संरक्षण का संकल्प**

इस अवसर पर सिंधिया रिसर्च सेंटर के प्रमुख अरुणांश बी. गोस्वामी भी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्वालियर की ऐतिहासिक एवं सैन्य विरासत के संरक्षण और शोध की दिशा में चल रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

**विद्यार्थियों को मिली प्रेरणा और राष्ट्रभक्ति का संदेश**

यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा और जानकारी का स्रोत बना, जहां उन्हें न केवल भारतीय सेना और इतिहास में सिंधिया मराठा की गौरवशाली गाथा जानने का अवसर मिला, वहीं छात्रों में राष्ट्रसेवा की भावना भी सुदृढ़ हुई।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

## करहिया एवं रानीघाटी गौशाला का किया निरीक्षण, प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में दिए दिशा-निर्देश



**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 18 जून को ग्वालियर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात देने के साथ ही ग्वालियर में आयोजित महारानी लक्ष्मीबाई बलिदान मेले में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारी के लिये जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शनिवार को जिले के ग्रामीण अंचल करहिया एवं रानीघाटी गौशाला का भ्रमण कर प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विवेक कुमार के साथ करहिया के खेल मैदान पर आयोजित होने वाले विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों का अवलोकन किया। इसके साथ ही अस्थायी रूप से तैयार किए जाने वाले हैलीपेड का भी अवलोकन किया। इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भितरवार श्री संजीव जैन एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यों की जानकारी ली। इसके साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण करने के संबंध में भी विभागीय अधिकारियों से विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए आयोजन में आने वाले ग्रामीणजनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके लिये पुख्ता प्रबंध किए जाएं। कलेक्टर श्रीमती चौहान एवं सीईओ जिला पंचायत श्री विवेक कुमार ने करहिया भ्रमण के पश्चात रानीघाटी स्थित गौशाला का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 18 जून को गौशाला भ्रमण भी प्रस्तावित है। इस दौरान वृक्षारोपण के साथ-साथ गौशाला का निरीक्षण भी होगा। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के ग्रामीण कार्यक्रमों के पश्चात ग्वालियर में महारानी लक्ष्मीबाई बलिदान मेले के कार्यक्रम के संबंध में भी विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भितरवार श्री संजीव जैन ने भ्रमण

# शहर में डोंगरपुर स्थित बेशकीमती ढाई बीघा जमीन से हटाए अतिक्रमण

## जिला प्रशासन की टीम ने की कार्रवाई



**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर में डोंगरपुर स्थित वन विभाग की बेशकीमती लगभग ढ़ाई बीघा जमीन को जिला प्रशासन की टीम द्वारा शनिवार को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर तहसीलदार झांसी रोड श्री अनिल राघव के नेतृत्व में गई टीम में डोंगरपुर के सर्वे क्र.-47 में स्थित इस जमीन पर बनाई गई बाउण्ड्रीवॉल को मशीनों की मदद से तोड़ा गया। जमीन की कीमत लगभग 20 करोड रूपए आंकी गई है। वन भूमि पर बेजा कब्जा करने वाले लोगों के शस्त्र लायसेंस निरस्त करने की अनुशंसा भी तहसीलदार द्वारा की गई है। अतिक्रमण हटाने के बाद राजस्व विभाग की टीम ने वन विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया और इस जमीन को फैंसिंग के जरिए सुरक्षित करने के लिये कहा। तहसीलदार श्री राघव ने बताया कि इस जमीन से पहले भी अतिक्रमण हटाए गए।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निगम अमले ने सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से पुराने कुएं बावड़ी के जीर्णोद्धार के लिए किया श्रमदान



**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राकृतिक जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने का काम किया जा रहा है । इसके तहत दशकों पुरानी बावड़ी, कुआं, तालाब तथा अन्य जल स्रोतों की सफाई का काम किया गया तथा इनके आस-पास जो गंदगी, गाजर घास तथा अतिक्रमण कर लिया गया था उसे दूर किया गया। इस अभियान का उद्देश्य है कि पानी के प्राकृतिक जल स्रोतों को फिर से उपयोग में लाया जाए, इसके लिए बरसात का जल इनमें सहेजने का प्रयास किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आज म्यूज फाउंडेशन एवं डिवाइन संस्था द्वारा तहत शहर की विभिन्न बावड़ी, कुआँ और अन्य जल संरचना के संरक्षण की स्वच्छता, और पुनरजीवन हेतु, अपना शहर अपनी धरोहर क्षेत्र में स्थित बावड़ी एम एल बी कॉलेज ललितपुर कॉलोनी, नूरगंज किलागेट एवं इमली नाका सिकंदर कंपू में श्रमदान कर स्वच्छता का संकल्प लिया गया। टीम ने न केवल सार्वजनिक स्थलों की धुलाई एवं सफाई की, अपितु वहाँ उपस्थित जनमानस एवं दुकानदारों को पॉलिथीन का उपयोग न करने अथवा प्लास्टिक प्रदूषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया।

# ग्वालियर स्मार्ट सिटी के ICCC ने राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

## IMAF 2.0 रैंकिंग में ग्वालियर को देशभर में 12वां और प्रदेश में पहला स्थान



**ग्वालियर।** ग्वालियर स्मार्ट सिटी ने स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत किए गए कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ICCC Maturity Assessment Framework (IMAF 2.0) में देशभर में 12वां स्थान और मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय और प्रांतीय स्तर पर अपनी सशक्त पहचान स्थापित की है। साथ ही, 'इंफ्रास्ट्रक्चर श्रेणी' में देश में पहला स्थान प्राप्त कर ग्वालियर ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है। गौरतलब है कि पिछली बार ग्वालियर 40वें स्थान पर था, जबकि इस वर्ष उसने 28 स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष 15 स्मार्ट शहरों में अपनी जगह बनाई है। यह सफलता शहर की तकनीकी दक्षता, नवाचार क्षमता और मजबूत बुनियादी ढांचे की दिशा में किए गए सशक्त प्रयासों का परिणाम है। नगर निगम आयुक्त एवं प्रभारी सीईओ ग्वालियर स्मार्ट सिटी श्री संघ प्रिय ने बताया कि ÷स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ICCC) का उद्देश्य शहरों को वास्तविक समय में निगरानी और प्रबंधन की सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि IMAF 2.0 एक मानकीकृत मूल्यांकन प्रणाली है, जो ICCC के प्रदर्शन, दक्षता और परिपक्वता को मापती है। इसका उद्देश्य स्मार्ट शहरों को और अधिक प्रभावशाली, उत्तरदायी और तकनीकी रूप से उन्नत बनाना है।÷ इस मूल्यांकन में ग्वालियर स्मार्ट सिटी ने तकनीकी दक्षता, नवाचार, टीम प्रबंधन और बिजनेस प्लानिंग जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्शायी है। वहीं इस रिपोर्ट में साइबर सुरक्षा, स्टेकहोल्डर एंगेजमेंट और युज़ केस डेवलपमेंट जैसे पहलुओं में और सुधार की आवश्यकता भी दर्शायी गई है। इस पर त्वरित कार्यवाही की प्रतिबद्धता स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन द्वारा जताई गई है। ग्वालियर स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस सफलता का श्रेय शहरवासियों की सहभागिता, तकनीकी टीम की दक्षता और समर्पित प्रबंधन को देते हुए कहा ÷यह रैंकिंग केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि आगे बढ़ने की प्रेरणा है। हमारा अगला लक्ष्य ग्वालियर को देश के शीर्ष 10 स्मार्ट शहरों में स्थान दिलाना है।

# जौरा पुलिस ने स्वयं के अपहरण की झूठी कहानी रचने वाले आरोपी को साथी सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल।

**जोरा।** पुलिस ने गुम इंसान प्रकरण की जांच के दौरान जानकारी मिली कि गुमशुदा रिंकू जाटव के मोबाईल नंबर से सूचनाकर्ता पप्पू उर्फ एवरन जाटव के मोबाइल नंबर पर पकड़कर, मारपीट, मोबाईल छीनने का वीडियो एवं 02 लाख रुपये अपहरणकर्ताओं द्वारा मांगने के ऑडियो भेजे गए, जिस पर से थाना जौरा पर अपराध क्रमांक 253/25 धारा 140 (2) 308 (4) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक मुरैना श्री समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा अपहरण की घटना कारित करने वाले आरोपीगण की शीघ्र पतारसी गिरफ्तारी एवं अपहृत व्यक्ति की सकुशल दस्तयाबी हेतु थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया एवं थाना प्रभारी जौरा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उक्त निर्देशों के पालन में अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना श्री सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं एसडीओपी जौरा नितिन बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जौरा एवं फोर्स द्वारा घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीव्ही फुटेज चैक किए गए, प्राप्त वीडियो ऑडियो का गहनता से परीक्षण किया गया एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया।



पुलिस के सतत् प्रयासों के फलस्वरूप दिनांक 13.06.25 को उक्त प्रकरण के अपहृत रिंकू जाटव को दस्तयाब किया गया, जिससे पूछताछ करने पर उसने अपनी किडनेपिंग होने की झूठी कहानी बताई गई, किन्तु पुलिस द्वारा अपहृत रिंकू जाटव से हिकमतअमली से पूछताछ करने पर उसने बताया कि मेरे द्वारा अपने रिश्तेदार सुनील एवं उसके 02 दोस्तों के साथ मिलकर स्वयं के अपहरण के झूठे के वीडियो व आडियो अपने भाई पप्पू के मोबाईल पर भेजकर ?02 लाख की फिरौती की मांग की गई।

# शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत प्रायवेट स्कूलों में प्रवेश दिलाने द्वितीय चरण होगा

**ग्वालियर।** निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित समूह के बच्चों को निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश दिलाने के लिये दूसरा चरण आयोजित होगा। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। प्रथम चरण के बाद जिन प्रायवेट स्कूलों में सीटें खाली रह गई हैं, ऐसे स्कूलों की सूची रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिये पोर्टल पर प्रदर्शित कर दी गई है। ज्ञात हो शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत प्रथम चरण की प्रक्रिया गत 10 जून को पूर्ण हो चुकी है। द्वितीय चरण की प्रक्रिया के तहत नवीन आवेदन और पुनः सत्यापन करने की जरूरत नहीं होगी।

# ग्वालियर की तर्ज पर अब भोपाल में भी कलर कोडिंग के साथ संचालित होंगे ई-रिक्शा

**ग्वालियर।** शहर के यातायात को सुगम और व्यवस्थित संचालन करने के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर ग्वालियर ई-रिक्शा को कलर कोडिंग के साथ संचालित करने की योजना से शहर का यातायात व्यवस्थित हुआ है। साथ ही शहर के प्रमुख मार्गो के साथ-साथ अब आंतरिक मार्ग पर भी नागरिकों को सहजता से परिवहन की सुविधा उपलब्ध होने लगी है। ग्वालियर में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा ई-रिक्शा के संचालन में कलर कोडिंग के नवाचार को न केवल सराहना मिली है बल्कि प्रदेश की राजधानी भोपाल में भी प्रशासन द्वारा इसे अपनाते हुए ई-रिक्शा का संचालन कलर कोडिंग के माध्यम से करने का निर्णय लिया गया है।

अब प्रदेश की राजधानी भोपाल में भी ग्वालियर मॉडल पर ही ई-रिक्शा का संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। ग्वालियर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के नेतृत्व में ग्वालियर में ई-रिक्शाओं के पंजीयन के पश्चात उन्हें नीली व पीली पट्टी से कलर कोडिंग कर दो शिफ्टों में संचालन प्रारंभ किया गया है। जिसके माध्यम से आमजनों को बेहतर यातायात सुविधायें उपलब्ध हो रही हैं। ग्वालियर में लागू की गई नई व्यवस्था का पालन हो, इसके लिये प्रशासन एवं पुलिस के माध्यम से निरंतर मॉनीटरिंग भी की जा रही है। पुलिस प्रशासन की ओर से कलर कोडिंग का उल्लंघन करने पर दण्डात्मक कार्रवाई भी निरंतर हो रही है, जिसके कारण निर्धारित मार्ग पर निर्धारित कलर कोडिंग की ई-रिक्शा ही संचालित होती है।


**विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

गाड़ी संख्या 02199/02200 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी - बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी

| गाड़ी संख्या 02199 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बान्द्रा टर्मिनस | | | गाड़ी संख्या 02200 बान्द्रा टर्मिनस-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| गुरुवार | 16:50 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 05:00 | – |
| 17:09 | 17:11 | दतिया | 03:51 | 03:53 |
| 17:32 | 17:34 | डबरा | 03:15 | 03:17 |
| 18:30 | 18:50 | ग्वालियर जं. | 02:20(शनि) | 02:40 |
| 20:23 | 20:25 | शिवपुरी | 23:13 | 23:15 |
| 22:10 | 22:20 | गुना जं. | 21:55 | 22:05 |
| 22:32 | 22:34 | रुठियाई जं. | 20:58 | 21:00 |
| 23:10 | 23:12 | चांचौड़ा-बीनागंज | 19:58 | 20:00 |
| 23:43 | 23:45 | ब्यावरा राजगढ़ | 19:30 | 19:32 |
| 03:05(शुक्र) | 03:07 | मक्सी जं. | 18:00 | 18:02 |
| 03:50 | 04:00 | उज्जैन जं. | 16:55 | 17:10 |
| 05:08 | 05:10 | नागदा जं. | 15:43 | 15:45 |
| 06:05 | 06:15 | रतलाम जं. | 14:30 | 14:40 |
| 07:39 | 07:41 | दाहोद | 12:43 | 12:45 |
| 08:55 | 08:57 | गोधरा जं. | 11:53 | 11:55 |
| 10:10 | 10:20 | वडोदरा जं. | 10:21 | 10:31 |
| 11:26 | 11:28 | भरूच जं. | 09:19 | 09:21 |
| 12:28 | 12:33 | उधना जं. | 08:15 | 08:20 |
| 13:38 | 13:40 | वापी | 07:12 | 07:14 |
| 15:14 | 15:17 | बोरीवली | 06:30 | 06:33 |
| 18:10 | शुक्रवार | बान्द्रा टर्मिनस | शनिवार | 05:10 |

• वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से : गाड़ी संख्या 02199 दिनांक 03.07.2025 से 25.09.2025 तक (प्रत्येक गुरुवार) • बान्द्रा टर्मिनस से : गाड़ी संख्या 02200 दिनांक 05.07.2025 से 27.09.2025 तक (प्रत्येक शनिवार)

नोट - ट्रेनों की समय सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in 1039/26 (C)



**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: JHS-N-W-22-25 दिनांक 13.06.2025

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल अभियंता व मुख्य अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

कार्य का नाम: [illegible]

कार्य लागत लगभग: ₹ 16670583.51/- | धरोहर राशि: ₹ 243400/-

निविदा प्रपत्र का मूल्य: Nil | निविदा खुलने की तिथि: 07.07.2025 Time 15.00

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि: 12 माह

निविदा दिनांक 07.07.2025 को 15:00 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-SAND T) पर देखें। 1036/25(UC)

North central railways | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.- JHS-N-W-21-25 दिनांक - 13.06.2025

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल अभियंता व मुख्य अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

ई-निविदा सूचना संख्या : JHS N W 21 25 | कार्य लागत लगभग : Rs.15458288.50/-

कार्य का नाम : [illegible] (21 यार्ड) ।

धरोहर राशि : Rs. 227300/- | निविदा प्रपत्र का मूल्य - Nil

निविदा खुलने की तिथि : 07.07.2025 Time 15.00

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि : 12 माह

• निविदा दिनांक 07.07.2025 को 15:00 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-SAND T) पर देखें। 1035/25(AS)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**

No. JHS/C/DO/JHS-MKP/doubling Date: 14.06.2025

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरपालपुर-निवाड़ी रेलखंड के मध्य बासवान और हरपुरा मार्ग को जोड़ने वाली सड़क पर स्थित रेलवे समपार संख्या (LC-376) रेलवे किमी 1149/34-36 रेल दोहरीकरण के कार्य हेतु बंद किया जाना है।

अतः उक्त क्षेत्र के आम नागरिकों, वाहन चालकों को अवगत कराया जाता है कि रेलवे समपार संख्या (LC 376) रेलवे किमी 1149/34-36 को दिनांक 16.06.2025 को प्रातः 09:00 बजे से सायंकाल 05:00 के लिए सड़क यातायात हेतु बंद रहेगा। वैकल्पिक तौर पर सड़क यातायात पास के ही समपार संख्या 375 रेलवे किमी 1148/15-16 आरामशीन के सामने से निकला जा सकता है। 1043/26(AS)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | CPRONCR

